तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **नारायण कुमावत बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार बाप)** सू.अ.अ. अपील संख्या 101/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-06-2022	अपीलार्थी नारायण कुमावत पुत्र दलीचन्द, पता ग्राम बाप तहसील बाप जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 14.04.2022 में (1) कानासर चौराहा, बाप ख.नं. 639 में किये गये अतिक्रमणों के सन्दर्भ में अतिक्रमण हटाने हेतु तहसील मुख्यालय द्वारा की गई कार्यवाही/पत्रावली का विवरण व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बाप) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बाप) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बाप) से जरिये पत्रांक 779 दिनांक 0306.2022 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी को बिन्दुवार सूचना कार्यालय के पत्रांक/आरटीआई/2022/482 दिनांक 12.04.22 को जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी ळै अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:20:25 IST
Reason: SelfAttested